जे की सांवरे से यारी

जे की सांवरे से यारी, बांकी कंचन जड़ी अटारी,
कोयल कुहू के डाली डाली रे, उसका क्या कहना
जे की सांवरे से यारी...........

श्याम दीवानो की बात ना पूछो,उनको सूरज कदे ना डूब्यो ,
मीरा नरसी सुर सयाने ,प्यारे गिरधर के दीवाने
दुनिया माने या ना माने उसका क्या कहना रे उसका क्या कहना
जे की सांवरे से यारी........

जे पैर श्याम की नजर पड़ी हे,हस्ती उनकी जग में बड़ी हे
वो तो हर पल मौज उड़ावे,हरपल नाचे कूदे मौज मनावे
जग में प्रेम सुधा छलकावे, उसका क्या कहना
जे की सांवरे से यारी..........

श्याम पिया मेरी चुनड़ रंगा दे,चुनड़ रंगा मोहे दिल में बसा ले,
गाऊ भजन दीवानो होकर , नंदू सारी सुध बुध खो कर
तेरे प्रेम्या ने संग लेकर,उसका क्या कहना उसका क्या कहना
जे की सांवरे से यारी

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/2846/title/je-ki-sanwre-se-yari-banki-kanchan-jadi-atari-koyal-kuh-ke-daali-daali-re-uska-kya-kehna

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |